एसडीएम ने ली निर्माणधीन दोनों बांधों के किसानों की बैठक

नवभारत न्यूज

अजयगढ़/पन्ना 11 जनवरी। थाना परिषद अजयगढ़ एसडीएम आलोक मार्को थाना प्रभारी वखत सिंह के द्वारा अजयगढ़ में निर्माणाधीन रून्ज बाध मझगांय बाध के किसानों की संयुक्त रूप से बैठक ली जिसमें किसानों की समस्याएं सुनी गई। अजयगढ़ में बनने वाले रून्ज बाध पूरब की ओर एवं पश्चिम की ओर मझगांय बांध का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

इन दोनों बांधों के किसानों को डूव क्षेत्र में मुआवजा लगभग मिल चुका है और तमाम किसानों ने अपनी भूमि खाली कर दी है कुछ किसानो द्वारा निर्माणाधीन बाध होने के कारण अपनी अधिग्रहण की हुई शासन की भूमि पर भी खेती कर रहे हैं जो निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न करते हैं उनको भी समझाइए दी गई कि तुम्हारी जो भी जायज समस्याएं एवं मांग है उनको पूरा किया जाएगा परंतु निर्माणधीन बाध में किसी तरह की रुकावट ना बने क्योंकि शासन स्तर पर उस भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है किसान उसका मुआवजा का चुका है अब शासन की भूमि है। एसडीएम आलोक मार्को ने दोनों बांधों से आए किसानों की समस्याएं सुनी कुछ किसानो द्वारा अपने आवेदन दिए कुछ लोगों ने मौखिक समस्याएं बताईं मौके पर एसडीएम आलोक मार्को द्वारा सभी किसानों को समझाया गया कि आपकी जो भी समस्याएं हैं उनके शीघ्र निराकरण किया जाएगा कुछ किसानों की समस्याओं का मौके पर भी निराकरण किया गया। थाना प्रभारी और वखत सिंह ने भी किसानों से कहा कि आप निर्माण कार्य में बाधा न बने कानून अपने हाथ में ना लें बांधों का निर्माण कार्य बिना किसी रूकावट के जारी रहे किसानों की समस्याएं राजस्व अधिकारियों द्वारा निराकृत की जाएंगी परंतु कानून व्यवस्था बनाना पुलिस का काम है निर्माण कार्य में जो भी बाधा आएगी उसका निराकरण करके निर्माण कार्य जारी रहेगा।

अजयगढ़ में कृषक कल्याण वर्ष 2026 का शुभारंभ

कृषि विभाग अजयगढ़ द्वारा कृषक कल्याण वर्ष 2026 का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों, कृषि वैज्ञानिकों, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में किसानों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नवीन कृषि तकनीकों, जैविक खेती, शासकीय योजनाओं तथा टिकाऊ खेती के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष के अंतर्गत किसानों की आय बढ़ाने, उत्पादन लागत कम करने, प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहन देने, उन्नत बीज व मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार तथा फसल बीमा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कृषि विशेषज्ञों द्वारा रबी एवं खरीफ फसलों की उन्नत किस्मों, संतुलित उर्वरक उपयोग, कीट-रोग प्रबंधन तथा मौसम आधारित खेती की जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड और कृषि यंत्र अनुदान जैसी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभाग द्वारा जागरूकता सामग्री का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहन यादव, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अरुण पाल बागरी, उद्यानिकी अधिकारी बनवारी लाल कुशवाहा,पशु विभाग अधिकारी मोतीलाल प्रजापति के साथ कई जनप्रतिनिधियों एवं किसान बंधु उपस्थित रहे।

सीसीएफ ने दक्षिण पन्ना के अनुभूति नेचर कैंप में बच्चों का किया मार्गदर्शन

नवभारत न्यूज

पन्ना 11 जनवरी। दिनांक 11 जनवरी को दक्षिण पन्ना वन मण्डल के कल्दा वन परिक्षेत्र अंतर्गत द्वितीय अनुभूति नेचर कैंप का आयोजन श्यामगिरि डैम पर किया गया। यह कार्यक्रम अनुभूति कार्यक्रम वर्ष 2025-26 के अंतर्गत मुख्य अतिथि नरेश यादव, छतरपुर वृत्त मुख्य वन संरक्षक, की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वनमण्डल अधिकारी दक्षिण पन्ना अनुपम शर्मा ने की। इस अवसर पर पुरुषोत्तम सिंह, सरपंच पौड़ीकला, परिवेश सिंह भदौरिया, वन परिक्षेत्र अधिकारी कल्दा तथा कल्दा रेंज का वन अमला एवं क्षेत्र के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। अनुभूति नेचर कैंप का आयोजन मैं भी बाघ, हम हैं बदलाव और हम हैं धरती के दूत थीम पर किया गया। कैंप में लगभग 130 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। बच्चों को अनुभूति कार्यक्रम के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए मिशन लाइफ के अनुरूप जीवनशैली अपनाने, प्रकृति के साथ संतुलित जीवन जीने तथा प्रो प्लैनेट पीपल बनने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य वन संरक्षक नरेश यादव द्वारा बच्चों को प्रकृति संरक्षण, अनुशासन और जीवन में लक्ष्य निर्धारण के महत्व पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

मास्टर ट्रेनर एवं अजय चैरसिया द्वारा नेचर ट्रेल ट्रेकिंग के माध्यम से बच्चों को पत्तों एवं टहनियों से वृक्ष प्रजातियों की पहचान, पारिस्थितिक तंत्र की समझ, जैव श्रृंखला में बाघ की अम्ब्रेला प्रजाति के रूप में भूमिका, पक्षी दर्शन तथा तेंदुए के पदचिन्ह पहचानने जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

इस व्यावहारिक अनुभव से बच्चों में जंगल, वन्यजीव एवं पर्यावरण के प्रति गहरी समझ विकसित हुई। कार्यक्रम के अंतर्गत पन्ना के असली हीरे पहल के तहत विशेष अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा दसवीं की राज्य स्तरीय टॉपर कुमारी गार्गी पटेल उपस्थित रहीं।

नटराज क्लब की क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

नवभारत न्यूज

सलेहा/पन्ना 11 जनवरी। सलेहा समीपस्थ ग्राम पंचायत नचने में विगत 25 दिसंबर से नटराज क्रिकेट क्लब द्वारा टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा था। 15 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में क्षेत्रीय टीमों की सहभागिता रही। 11 जनवरी को सेल्हा एकादशी और लक्ष्मण एकादश सलेहा के मध्य फाइनल मैच खेला गया। जिसमें लक्ष्मण एकादश सलेहा विजेता रही।

इस दौरान गुनौर विधायक राजेश वर्मा ,जलसी बाई जनपद पंचायत अध्यक्ष गुन्नौर, चंद्रावती विश्वकर्मा सरपंच का टीम प्रबंधन द्वारा स्वागत किया गया।

इस अवसर पर गुनौर विधायक राजेश वर्मा द्वारा कहा गया की अपने जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है ,हर खिलाड़ी को मैदान पर मेहनत करनी चाहिए, जिससे वह सफलता प्राप्त कर सके। इस प्रतियोगिता में नचने टीम प्रबंधन द्वारा स्टेडियम निर्माण तथा भगवान बिरसा मुंडा जी की मूर्ति स्थापना चबूतरा एवं टीन सेड की मांग विधायक से की गई, इस दौरान विधायक द्वारा सभी मांगों की घोषणा की गई।

टूर्नामेंट का सफल आयोजन कराने के लिए रामधनी कोल, सुलखे प्रसाद कोल, राम भजन ,सुरेंद्र पांडे, बहोरी लाल विश्वकर्मा, राजाराम, गणेश कुशवाहा, राम विश्वास, प्रीतम सिंह सहित गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन में उपस्थित रहे।

ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप के तहत सघन गश्ती एवं फंदा चेकिंग अभियान

नवभारत न्यूज

पन्ना 11 जनवरी। दक्षिण पन्ना वनमंडल में वन्यजीवों की सुरक्षा तथा अवैध शिकार पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप प्प् के अंतर्गत निरंतर एवं सघन कार्यवाहियां की जा रही हैं।

इसी क्रम में पवई परिक्षेत्र के सर्किल हड़ा एवं रमपुरा द्वारा संयुक्त रूप से बीट रमपुरा, पूर्व एवं पश्चिम तालगांव तथा हड़ा बीट के संवेदनशील बागड़ों में व्यापक स्तर पर फंदा चेकिंग एवं निगरानी की गई। अभियान के दौरान संभावित शिकार स्थलों की गहन जांच कर तार फंदों एवं अन्य अवैध साधनों की तलाश की गई, जिससे वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही संबंधित ग्रामों में ग्राम वन समितियों की बैठकें आयोजित कर ग्रामीणों को वन्य प्राणियों के संरक्षण का महत्व बताया गया। अवैध शिकार के दुष्परिणामों पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों से अपील की गई कि वे वन्यजीव अपराधों की रोकथाम में वन विभाग का सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल विभाग को दें। स्थानीय समुदाय की सहभागिता को इस अभियान की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में रेखांकित किया गया।

पवई बस स्टैंड पर नेकी की दीवार का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

पवई/पन्ना 11 जनवरी। स्थानीय बस स्टैंड पवई में आज नेकी की दीवार का औपचारिक शुभारंभ सम्पन्न हुआ। विगत 10 वर्षों से निरन्तर नेकी की दीवार की इस नेक पहल को जन सहयोग से संचालित किया जा रहा है।

शिक्षक सतानंद पाठक के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंकज बेहरे एवं अध्यक्ष शिक्षाविद रघुवीर तिवारी ने मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ नेकी की दीवार का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किये गये, जिससे सर्दी की ठंड में उन्हें राहत मिली। कार्यक्रम में लोगों से अपील की गई कि अपने घरों में पड़े अतिरिक्त सामान एवं कपड़ों को नेकी की दीवार पर रख दें, ताकि जरूरतमंद बिना किसी संकोच के वहां से सामग्री प्राप्त कर लें।

समाधान योजना अंतर्गत शिविरों का आयोजन जारी

नवभारत न्यूज

पन्ना 11 जनवरी। समाधान योजनांतर्गत पन्ना संभाग के वितरण केन्द्रों पन्ना शहर एवं ग्रामीण सहित अजयगढ़, धरमपुर, सलेहा, गुनौर और देवेन्द्रनगर एवं बड़े ग्रामों में भी शिविरों का आयोजन निरंतर जारी है।

विद्युत कंपनी के कार्यपालन अभियंता अमितेश मिश्रा ने बताया कि कंपनी द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी समाधान योजना में विद्युत उपभोक्ताओं को तीन माह से अधिक पुराने बिल में शत प्रतिशत सरचार्ज की छूट दी जा रही है। पन्ना संभाग अंतर्गत 61 हजार 400 उपभोक्ताओं पर विद्युत बिल की राशि बकाया है, जिसमें से अब तक 5 हजार 290 उपभोक्ताओं द्वारा बकाया राशि जमा कर समाधान योजना का लाभ लिया गया है। आगामी 31 जनवरी तक संचालित योजना में अधिक से अधिक उपभोक्ताओं से लाभ उठाने की अपील की गई है।

प्रशासकीय स्वीकृति का संशोधित आदेश जारी

नवभारत न्यूज

पन्ना 11 जनवरी। कलेक्टर ऊषा परमार ने संयुक्त नवीन कलेक्ट्रेट भवन में कलेक्टर कार्यालय के साथ वर्ष 2018 से संचालित जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों के संचालन के दृष्टिगत भवन के बाहर एवं कक्षों के अंदर की दीवालों में पुताई, दरवाजा-खिड़कियों में पेंट व अन्य मरम्मत कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति का संशोधित आदेश जारी किया है, जिसके तहत प्रमुख राजस्व आयुक्त द्वारा आवंटित बजट के तहत 45 लाख 77 हजार रूपए राशि की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। क्रियान्वयन एजेंसी कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित समयावधि में तय शर्त मुताबिक आवश्यक कार्य कराया जाएगा। इसकी देखरेख और समय-समय पर कार्य एवं गुणवत्ता के निरीक्षण के लिए संयुक्त कलेक्टर एवं नजारत शाखा कलेक्ट्रेट के प्रभारी अधिकारी को नोडल अधिकारी अधिकृत किया गया है।

डिप्टी कलेक्टर चयनित होकर पहुंचे गांव

नवभारत न्यूज

सलेहा/पन्ना 11 जनवरी। सलेहा' 'समीपस्थ ग्राम पंचायत करहियां अन्तर्गत ग्राम मन्धा निवासी अजीत कुमार मिश्रा पिता संतोष कुमार मिश्रा का चयन डिप्टी कलेक्टर के पद पर हुआ था, उनके द्वारा मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया।

यह उपलब्धि इन्दौर में रह कर कठिन परिश्रम कर प्राप्त की थी जिस पर आज अपने ग्रह ग्राम के लिए जा रहे थे। जहां पर सलेहा

भाजपा मंडल अध्यक्ष हरेन्द्र त्रिपाठी सहित क्षेत्र वासियों द्वारा ढोल -नगाड़ों तथा बैंड बाजों के साथ उनका शाल श्रीफल एवं भगवान का चित्र भेंटकर उनका सम्मान किया गया।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन आज

नवभारत न्यूज

पन्ना 11 जनवरी। राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी को जिला चिकित्सालय एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है।

सिविल सर्जन डॉ. आलोक कुमार गुप्ता द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम स्थल तथा जिला चिकित्सालय पन्ना के ब्लड बैंक में उपस्थित होकर रक्तदान करने की अपील की गई है, जिससे जिला चिकित्सालय में भर्ती गर्भवती एवं प्रसूता महिलाओं तथा अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके।

मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस में स्वच्छ जल अभियान के संबंध में दिए निर्देश

पन्ना 11 जनवरी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को सायं वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिए स्वच्छ जल अभियान के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान नगरीय और ग्रामीण निकाय सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जल सुरक्षा, जल संरक्षण और जलसुनवाई के आधार पर अभियान के व्यापक व बेहतर क्रियान्वयन के लिए निर्देशित किया गया। इस अभियान के उद्देश्य तथा नागरिकों को स्वच्छ व गुणवत्तापूर्ण पेयजल प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की गई।

साथ ही पानी संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण तथा जल आपूर्ति प्रणाली के लीकेज में सुधार तथा चिन्हांकन इत्यादि के संबंध में भी विचार विमर्श किया गया। बताया गया कि प्रत्येक 6 माह में पानी की टंकी की साफ-सफाई का कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाएगा।

डीएफओ गंगवार को समारोह पूर्वक दी गई भावभीनी विदाई

जिले के आला अधिकारियों सहित गणमान्य नागरिक एवं विभागीय अमला रहा उपस्थित, डीएफओ गंगवार के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की सभी ने की प्रशंसा

नवभारत न्यूज

पन्ना 11 जनवरी। गत दिवस उत्तर वन मंडल के डीएफओ गर्वित गंगवार का भव्य विदाई समारोह स्थानीय शानवी लैंड होटल मे आयोजित किया गया जिसमें जिले के आला अधिकारियों सहित गणमान्य नागरिक तथा भारी संख्या मे जिले के वन अधिकारी एवं कर्मचारियों के अलावा श्री गंगवार की माता श्री भी उपस्थित रहीं।

स्वागत भाषण मे सर्वप्रथम वन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष महीप रावत ने डीएफओ श्री गंगवार को सहज, सरल व्यक्तित्व के धनी एवं वन कर्मचारियों एवं अधिकारियों के साथ टीम भावना के साथ काम करने वाले एक सफल अधिकारी के रूप मे उनके कार्यकाल की सराहना की उन्होंने पूरे वन कर्मचारियों की ओर से बधाई प्रेषित की। एसडीओ पन्ना कृष्णा मरावी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान डीएफओ सर द्वारा कभी भी अपने निचले स्टॉफ तथा रेंजर एवं अन्य कर्मचारियों को किसी भी मामले मे हताश नहीं होने दिया और न ही कार्य के लिए प्रेशर डाला। मेरी पूरी सर्विस पीरियड मे आज तक इतने अच्छे सफल अधिकारी जो सबको लेकर साथ चलने वाले रहे हैं कहीं नहीं मिले। वे सबसे छोटे कर्मचारी, बीट गार्ड एवं सुरक्षा कर्मी तक ऐसे बात करते थे जैसे वे स्वयं एक छोटे कर्मचारी हो। प्रशिक्षु आईएफएस अधिकारी एसडीओ विश्रामगंज अंशुल तिवारी ने विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं अप्रैल 2025 मे पदस्थ हुआ भले ही कम समय उनके साथ बिताने का अवसर मिला लेकिन मैंने उनको कभी गुस्से मे नहीं देखा। उन्होंने डीएफओ श्री गंगवार की तुलना सीसीएफ नरेश यादव से करते हुए कहा कि दोनो एक जैसे सहज सरल अधिकारी है जो शायद हर जगह उपलब्ध होना बडा मुश्किल है। वे कठिन से कठिन कार्य को इतने सरल शब्दों में समझा देते थे कि कार्य करना स्वत: आसान हो जाता था एक तरफ उनके जाने का दुख हो रहा है तो दूसरी तरफ खुशी भी हो रही है क्योंकि उनको अपने परिवार के साथ रहने को मिलेगा। पन्ना जिले के अजयगढ़ निवासी डीएसपी संतोष पटेल जो बालाघाट मे पदस्थ है वे इस कार्यक्रम में शिकरत करने आये थे उन्होंने अपने वक्तव्य मे कहा कि वे डीएसपी में चयनित होने के पहले 2010 से 2018 तक फॉरेस्ट गार्ड के पद पर पदस्थ रहे

जिस कारण उनका वन विभाग से बडा लगाव है मैंने डीएफओ गंगवार सर जी के नेचर के बारे में पहले सुना था लेकिन मैंने यहां आकर उनके सरल स्वभाव को महसूस भी किया है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नवागत डीएफओ उत्तर वन मंडल धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मुझे 2 दिन पन्ना आये हुये हो गये इस दौरान छोटे कर्मचारियों से लेकर बडे अधिकारियों सभी से निवर्तमान डीएफओ श्री गंगवार के अद्भुत व्यक्तित्व के बारे में सुना है जो हम सबके लिए प्रेरणादायक है आज सभी लोग उनके जाने से भावुक हैं उनकी टीम भावना से कार्य करने एवं जिला प्रशासन से अच्छे समन्वय का ही परिणाम है आज उनके इस विदाई समारोह मे जिले के सभी प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि मैं उन्हें विश्वास दिलाता हूँ उनके अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाते हुए और गति प्रदान करेंगे। कलेक्टर पन्ना श्रीमती ऊषा परमार ने कहा कि मुझे पन्ना आये 3 माह हो गया मैंने अक्सर देखा कि उत्तर एवं दक्षिण वन मंडल के दोनों डीएफओ गर्वित गंगवार एवं अनुपम शर्मा जिन्हें राम लक्ष्मण की जोडी के रूप मे जानते थे जो हमेशा दोनो एक साथ ही चलते थे दोनों के बीच कार्य करने का अच्छा तालमेल था।

डीएफओ श्री गंगवार का कार्यकाल एक सफल एवं अच्छा कार्यकाल रहा है और जिला प्रशासन से उनका समन्वय भी सराहनीय रहा है। डीएफओ दक्षिण अनुपम शर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं उनके साथ एक वर्ष कार्य करने का अनुभव किया कोई भी समस्या आती थी तो हम दोनो मिलकर निपटा लेते थे उनकी कार्यशैली बहुत ही सराहनीय है एसपी पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू ने भी डीएफओ श्री गंगवार को एक सहज सरल व्यक्तित्व के धनी सफल अधिकारी के रूप मे उनकी प्रशंसा की। सीसीएफ नरेश यादव ने सम्बोधित करते हुए कि मैंने गर्वित गंगवार को गर्वित नहीं गौरवान्वित नाम दिया था आज का यह भव्य विदाई समारोह इस बात का प्रमाण है जिसमें विभागीय एवं जिला प्रशासन सहित हर वर्ग के लोग उपस्थित हैं। जो उनकी सफल कार्यकुशलता एवं सहज सरल स्वभाव को प्रमाणित करता है। श्री गंगवार में यह विशेषता देखने को मिली वे बहुत कम बोलते हुए शांत रहकर अधिक कार्य करने के आदी थे। दोनों डीएफओ की जोड़ी उत्तर दक्षिण वनमंडल को आपसी सलाह से सफलता की ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए प्रयासरत रहे हैं। स्थानांतरित डीएफओ गर्वित गंगवार ने अपने विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुझे जो स्नेह विभागीय अमले जिला प्रशासन तथा जिलेवासियों से मिला इसके लिए मैं सभी को धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ जब स्थानांतरित लिस्ट आई तो मैंने उसे हल्के से लिया लेकिन जब कल मैं अपना प्रभार सौंपने के लिए कार्यालय गया तो मैं मन ही मन बहुत भावुक हो गया था जिसको मैंने किसी को अनुभव नहीं होने दिया। मेरा दो साल 10 माह का कार्यकाल रहा है और डीएफओ के रूप मे पहली पदस्थापना थी।

पन्ना आने से पूर्व मुझे कई लोगों द्वारा बताया गया था कि उत्तर वन मंडल मे बडी चुनौतियां हैं जिसमें अवैध माईनिंग महत्वपूर्ण बताई गई थी। लेकिन आने के बाद मैंने कभी चुनौती को महसूस नहीं किया विषम परिस्थितियों में भी विभागीय अमले के सहयोग से हर कठिन कार्य को करने में सफल रहा हूँ। कार्यकाल की सफलता के लिए मैं कोई अकेले जिम्मेदार नहीं हूँ विभागीय अमले की टीम भावना का परिणाम रहा है। जिसमें छोटे कर्मचारियों से लेकर रेंज स्टॉफ एवं एसडीओ स्तर तक के अधिकारियों का सहयोग रहा है। टीकमगढ़ का अतिरिक्त प्रभार मिलना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था जो 200 किमी दूर होने के बावजूद सभी के सहयोग से दोनों जिलों का सफल संचालन संभव हो सका। इसमें मीडिया सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों का भी सहयोग रहा है। कुछ मामलों में वे लोग नाराज भी हो सकते हैं जिन पर विभागीय कार्यवाहियां करनी पड़ी यदि उनको मेरे द्वारा कोई कष्ट हुआ हो तो मैं क्षमा प्रार्थी हूँ क्योंकि यह उनकी मजबूरी थी कोई पर्सनल बुराई नहीं।

कार्यक्रम का संचालन स्टेनों श्री पण्डोले ने किया और आभार प्रदर्शन विश्रामगंज रेंजर नितिन राजौरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे उत्तर वन मंडल के रेंजरों में से अजयगढ़ रेंजर पंकज दुबे, धरमपुर रेंजर वैभव चंदेल, रेंजर पन्ना अजय बाजपेयी, देवेंद्रनगर रेंजर श्री तिवारी, कार्यालय अधीक्षक उत्तर वन मंडल संतोष प्रजापति, लिपिक नरेश खरे, दक्षिण वन मंडल के लिपिक सौरभ दुबे के अलावा पन्ना टाइगर रिजर्व एवं दक्षिण वन मंडल के रेंजर, अधिकारी कर्मचारी, तृतीय वर्ग कर्मचारी वर्ग जिला अध्यक्ष बी पी परौंहा एवं कार्यालयीन स्टॉफ उपस्थित रहा।